January II 2014

Every Fortnight

मूल्य ♦ दस रुपए

बच्चे

- धैर्य की पतंग
- प्यारी पतंग



- ढाल-कमाल
- हमें तो पत्थर चाहिए
- पंछी हैं, पर उड़ नहीं पाते

राजस्थान पत्रिका प्रकाशन

• विजन एक्टिविटी किट

वर्ष- 28 अंक- 13
15-31 जनवरी, 2014 पृष्ठ- 68

सपना
-वेणु वारियथ-
एक दिन बादशाह होजा के साथ बातचीत कर रहे थे।
ज्ञान प्राप्त करने और सीखने से बड़ा कुछ नहीं होता...।
ऐसा कैसे बादशाह हुजूर!
यदि अदम्य इच्छा-शक्ति हो तो कुछ भी असंभव नहीं...
बस बड़ा सपना देखने और मजबूत इच्छा होने की जरूरतभर है..
होजा तुम्हारा सबसे बड़ा सपना क्या है?
मेरा सपना तो बादशाह बनने का है....
क्या पागलों जैसी बात कर रहे हो!!
अभी आपने ही तो कहा था कि कुछ बनने के लिए बड़ा सपना देखने की जरूरत है.....

वर्ष- 28 अंक-13

जनवरी (द्वितीय) 2014, जयपुर

विविध

क्यों और कैसे/कमाल है- 46
क्रॉसवर्ड पजल्स- 47
बालमंच- 48
नॉलेज बैंक- 49
आर्ट जंक्शन- 50-51

किड्स क्लब- 54-55
ढूंढो तो...- 61
कैसा लगा- 66

कार्टूनी पतंगबाजी- 5
सीख सुहानी- 14
ऐसे भी उड़ी पतंग-20
बालहंस न्यूज़- 26-27
सैर-सपाटा- 28-29

ठिकाना तो बताना/
ग्राफ से चित्र/
अंतर बताओ- 52-53

कविताएं- 34-35
क्रेजी किया रे- 36-37
बोलें अंग्रेजी- 39
गुदगुदी- 40-41
सामान्य ज्ञान- 42-43
तथ्य निराले- 44-45

विजन एक्टिविटी
किट- 30-33

प्रतियोगिताएं

प्रतियोगिता परिणाम- 58
ज्ञान प्रतियोगिता- 59
रंग दे प्रतियोगिता- 60

चित्रकथा

जितना दम,
उतना दिखाओ- 15-17
हमें तो पत्थर चाहिए-
22-25
ई-मैन- 62-65

कहानियां

धैर्य की पतंग- 6-7
ढाल-कमाल- 8-9
चांग और वांग- 12-13

कहते हैं पंछी, उड़ नहीं
पाते- 56-57

संपादक
आनन्द प्रकाश जोशी

उप संपादक
मनीष कुमार चौधरी

संपादकीय सहयोग
किशन शर्मा

चित्रांकन
प्रतिमा सिंह

पृष्ठ सज्जा: शेरसिंह

संपादकीय सम्पर्क

बालहंस (पाक्षिक)
राजस्थान पत्रिका प्रकाशन,
5-ई, झालाना संस्थानिक क्षेत्र,
जयपुर (राजस्थान) पिन-302 004
दूरभाष: 0141-3005857
e-mail: balhans@epatrika.com

ग्राहक शुल्क

कृपया ग्राहक शुल्क (सब्सक्रिप्शन) की राशि बैंक ड्राफ्ट या मनीऑर्डर से **बालहंस, जयपुर** के नाम भिजवाएं।
वार्षिक- 240/-रुपए,
अर्द्धवार्षिक- 120/-रुपए

सब्सक्रिप्शन एवं वितरण संबंधी जानकारी के लिए 0141-3005825 पर संपर्क करें।



संपादकीय

दोस्तो,

नया साल शुरू हुए कुछ दिन बीत चुके हैं। आप में से कई अभी भी इस उधेड़बुन में होंगे कि किन रिजोल्यूशंस को प्राथमिकता में रखा जाए। अक्सर ऐसा ही होता है। हम अपने टाइमटेबल को कब और कैसे लागू करें, इसी में रह जाते हैं और समय हाथ से खिसकता रहता है। टाइम मैनेज करना भी एक कला है। सभी को दिन में 24 घंटे मिलते हैं। कोई उनका अच्छे से सदुपयोग कर लेता है और कोई इस बहानेबाजी में रह जाता है कि हमारे लिये तो ये घंटे बेहद कम हैं। अपने कार्यों की प्राथमिकताओं की एक सूची बनाइये और जो काम जरूरी हैं वे पहले कीजिये। जैसे एक विद्यार्थी के लिए पहली प्राथमिकता है– पढ़ाई। तो सबसे पहले पढ़ाई पर ध्यान दीजिये, फिर अन्य बातों पर ध्यान लगाइये। चलिये ये तो हुई सबक की बात। इस माह दो पर्व मकर संक्रान्ति और गणतंत्र दिवस आ रहे हैं। पतंग हमारी आशाओं और उन्नति की प्रतीक हैं कि हम ऊपर और ऊपर जाएं। एक स्वस्थ गणतंत्र हमें देश के प्रति अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। तो नये साल की गहमागहमी, पतंगों की काटा–काटी और गणतंत्र दिवस की उमंगों के बीच कुछ ऐसा करिये कि उत्साह बना रहे।

तुम्हारा बालहंस

सेवा करने की शिक्षा हमें सूर्य से लेनी चाहिए; जो नित्य–प्रतिदिन संसार को रोशन करने के लिए प्रकट हो जाता है।

कार्टून पतंगबाजी
पतंगबाजी के कारण बच्चे छत से नीचे नहीं आ रहे हैं! दिनभर उनकी फरमाइशें छत पर पूरी करते-करते परेशान हो गयी हूं.
मेरा भी यही हाल है.
..देखना, हमारी पतंग सब से ऊपर जायेगी- कटकर नीचे नहीं गिरेगी- मैंने उसपर महंगाई लिख दिया है..
महंगाई
..आज हम कितने पतंग काटेंगे, कटवाएंगे, और कितना मांजा लूटेंगे?
!
हम नजदीक से पेंच लड़ते हुए देखना चाहते हैं!
RAMBABU MATHUR

धैर्य की पतंग

बच्चो, तुहें किसी भी काम में जल्दीबाजी नहीं करनी चाहिए। हर काम समय मांगता है। जल्दी में किये गये कार्यों का बिगड़ना निश्चित-सा रहता है। हमें इसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। इस कहानी में यही सीख दी गई है।

आज मकर संक्रांति का दिन था। हल्की धूप निकली हुई थी। सुहानी हवा चल रही थी। मोहल्ले के सभी बच्चे अपने-अपने घरों की छत पर पतंग उड़ाने में व्यस्त थे।

नितिन और उसका भाई जतिन भी अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहे थे।

'नितिन तुम वो लाल वाली पतंग देख रहे हो?' 'हां उस पतंग ने अभी तक चार पतंगें काट दी हैं।' 'मैं अभी उस पतंग से पेंच लड़ाकर उसे काट देता हूं।' जतिन बोला और लाल पतंग से पेंच लड़ाने लगा। लेकिन लाल पतंग ने उसकी पतंग को काट दिया। 'ये लाल पतंग उड़ाने वाला तो बहुत ही अच्छा पेंच लड़ाता है! इसकी पतंग को काटना बेहद मुश्किल है।' जतिन ने अपनी डोर को लपेटते हुए कहा। 'मैं कोशिश करता हूं, इस पतंग को काटने की,' नितिन बोला और वो लाल पतंग से पेंच लड़ाने लगा। मगर उसकी पतंग भी कट गई। 'चलो हम फिर से पतंग उड़ाकर लाल पतंग से पेच

'मैं तो पहले से ही तैयार हूं।' जतिन दूसरी पतंग उड़ाते हुए बोला। नितिन भी दूसरी पतंग उड़ाने लगा। लेकिन इससे पहले कि उन दोनों में से किसी की भी पतंग लाल पतंग तक पहुंच पाती, एक अन्य पतंग ने लाल पतंग को काट दिया। लाल पतंग कटकर लहराती हुई नितिन और जतिन के घर के पीछे स्थित बगीचे के एक पेड़ में जाकर अटक गई।

'लाल पतंग तो कट गई, अब या किया जाए?'

'करना या है, हम किसी दूसरी पतंग से पेंच लड़ाते हैं,' नितिन ने जवाब दिया। फिर दोनों दूसरी पतंगों से पेंच लड़ाने में व्यस्त हो गए। लगभग एक घण्टे के दौरान उन दोनों ने अनेक पतंगें काटी और उनकी भी पतंगें कटती रहीं। अंत में जतिन के पास केवल एक पतंग बची।

'नितिन मेरी तो यह आखिरी पतंग है। तुहारे पास कितनी पतंगें बची?'

'मेरी पतंगें तो पहले ही समाप्त हो गई हैं। तुम पेंच लड़ाओ और मैं तुहें पेंच लड़ाते देखूंगा,' नितिन ने कहा तो जतिन पतंग उड़ाने लगा। कुछ देर में जतिन की पतंग आकाश में थी। और वो एक पतंग से पेंच लड़ा रहा था। जतिन ने उस पतंग को काट दिया और एक अन्य पतंग से पेंच लड़ाने लगा। लेकिन इस बार उसकी पतंग कट गई।

'अब या करें, हमारे पास तो एक भी पतंग नहीं बची?' जतिन ने डोर लपेटते हुए पूछा। 'जतिन तुम भूल रहे हो कि पीछे बाग में लाल पतंग अटकी हुई है,' नितिन ने याद दिलाया। 'अरे हां, यह बात तो मैं भूल ही गया था। चलो, चलकर उस पतंग को ले आएं।' जतिन उत्साहपूर्वक बोला और दोनों बगीचे में जा पहुंचे।

'पतंग तो बहुत ऊपर की डाली में अटकी हुई है, इसे नीचे कैसे उतारें?' जतिन ने डाली पर अटकी पतंग को देखते हुए पूछा। इससे पहले कि नितिन उसकी बात का कोई जवाब देता, हवा का एक झोंका आया तो पतंग थोड़ी नीचे आई।

'जतिन देखो हवा के साथ-साथ पतंग नीचे आ रही है, मुझे लगता है कि थोड़ी देर में पतंग नीचे आ

कहानी

'मुझे भी ऐसा ही लगता है,' जतिन ने कहा और दोनों पतंग के नीचे आने का इंतजार करने लगे। इंतजार करते-करते दस मिनट बीत गए। इसी बीच कई बार हवा के झोंके आये और पतंग धीरे-धीरे नीचे आती रही। लेकिन इतनी नीचे फिर भी नहीं हुई कि नितिन या जतिन उसे ले सकें।

'ऐसे भला कब तक हम दोनों इंतजार करते रहेंगे, रुको मैं एक काम करता हूं, पत्थर मारकर उस डाली को ही तोड़ देता हूं, जिस पर यह पतंग अटकी हुई है। डाली टूटते ही पतंग नीचे आ जाएगी,' जतिन अधीर होते हुए बोला।

'ऐसा मत करो, कहीं पत्थर पतंग पर लग गया तो पतंग फट जाएगी।'

'अब जो होना है होगा, इस प्रकार आखिर कब तक हम यहां खड़े रहेंगे,' जतिन ने कहा और एक पत्थर उठाकर उसे डाली की ओर फेंका। लेकिन पत्थर डाली पर नहीं लगा तो जतिन ने दूसरा पत्थर उठाकर उसे फिर डाली की ओर फेंका। उसी समय हवा का झोंका आया और पतंग अपने स्थान से हिल गई। जिससे पतंग पत्थर और डाली के बीच में आ गई और पत्थर लगने के कारण फट गई।

'इतना व□त फालतू ही गया और हमें पतंग भी नहीं मिली,' पतंग फटने से नाराज जतिन गुस्से से बोला। 'अगर तुम थोड़ा धैर्य से काम लेते तो शायद हमें वो पतंग मिल जाती।' 'अरे छोड़ो भी, यह पतंग इतनी बुरी तरह से डाली से उलझी हुई थी कि नीचे नहीं आती,' नितिन की बात सुनकर जतिन ने चिढ़कर कहा। दोनों वापस अपने घर की छत पर आकर अन्य पतंगों के पेंच देखने लगे।

कुछ देर बाद एक नीली पतंग कट गई और नितिन व जतिन के घर के पीछे स्थित बगीचे के पेड़ों में जाकर अटक गई। 'जतिन देखो, एक पतंग जाकर बगीचे के पेड़ों में उलझ गई है। चलो, उसे लेने चलें,' नितिन ने उत्साह से कहा।

'छोड़ो भी जाना बेकार है, पतंग-वतंग मिलेगी नहीं और व□त बेकार होगा सो अलग।' 'तु□हें नहीं जाना तो मत जाओ, मैं तो जा रहा हूं।' 'नितिन तु□हें मूर्खों की तरह पतंग के इंतजार में पेड़ के नीचे खड़े रहना है, तो तुम अवश्य जाओ। □या तुमने देखा नहीं कि डाली में उलझी पतंग नीचे नहीं आती है,' जतिन बोला। लेकिन नितिन नहीं रुका और बगीचे में चला गया। नितिन ने पेड़ के पास जाकर देखा कि डाली पर अटकी पतंग हवा के प्रत्येक झोंके के साथ नीचे आ रही है।

नितिन धैर्य के साथ पतंग के नीचे आने का इंतजार करने लगा। इंतजार करते-करते पन्द्रह मिनट बीत गये। लेकिन पतंग फिर भी नीचे नहीं आई। नितिन ने अपना धैर्य नहीं खोया और सब्र के साथ इंतजार करता रहा। आखिर पच्चीस मिनट बाद हवा के एक तेज झोंके के साथ पतंग डाली से छूटकर नीचे आ गिरी।

पतंग के नीचे गिरते ही नितिन ने पतंग को उठाया और उत्साह के साथ घर की ओर दौड़ा। नितिन पतंग लेकर अपने घर की छत पर पहुंचा तो तो जतिन हैरान रह गया। 'तु□हें यह पतंग कहां से मिली, □या तुम इसे खरीदकर लाए हो?' जतिन ने हैरान होकर पूछा।

'नहीं मेरे पास तो जितने भी पैसे थे, वो सब मैंने पहले ही पतंग और डोर खरीदने में खर्च कर दिये। ये तो वही पतंग है, जो अभी कुछ देर पूर्व बगीचे के पेड़ में जा उलझी थी,' कहकर नितिन से सारी बात बता दी।

'काश मैंने अपना धैर्य न

-विवेक चक्रवर्ती



'ढाल बहिन क्यों ताने मार रही हो.... मेरा तो अंग-भंग हो गया। मुझे ठीक करवाने के बजाय राजा ने मुझे एक कोने में रोने के लिए छोड़ दिया।' तलवार ने दर्द भरे शब्दों में कहा।

ढाल-कमाल

राजा विश्वजीत विश्व-विजय का सपना देख रहा था। वह अपने नाम के अर्थ को सार्थक करना चाहता था। उसके पास एक ऐसी शुभ तलवार और ढाल थी कि वह जो भी युद्ध लड़ता सफलता अवश्य ही मिलती। इसलिए वह अपनी तलवार को जी-जान से चाहता था। विश्वजीत सुबह-शाम अपनी तलवार की पूजा करता और उसे माथे से लगाकर □यान में रखता।

किंतु वह अपनी ढाल का स□मान इतना नहीं करता था, जितना कि वह तलवार को इज्जत देता था। एक रात तलवार और ढाल को नींद नहीं आ रही थी। तलवार ने घमण्ड में ढाल से कहा, 'देखो ढाल, राजा विश्वजीत मुझ से अधिक प्रेम करते हैं और मुझे ज्यादा स□मान देते हैं। तु□हारा तो वे ध्यान भी नहीं रखते। जबकि युद्ध मैदान में एक हाथ में तुम रहती हो और एक हाथ में मैं रहती हूं। इसका अर्थ यह हुआ कि तुमसे ज्यादा मेरा मह□व है।'

ढाल ने बड़ी सहजता से उ□र दिया, 'तलवार बहिन तु□हारा काम है लोगों को मारना उनकी जान लेना, जबकि मेरा काम है जान बचाना। किसका कितना मह□व है ये तो समय ही बतायेगा।'

एक बार राजा विश्वजीत को एक बड़ा युद्ध लड़ना पड़ा। युद्ध भूमि में शत्रु सेना के कुछ सैनिकों ने राजा विश्वजीत को घेर लिया। वे राजा पर प्रहार पर प्रहार किये जा रहे थे। राजा विश्वजीत भी बड़ी बहादुरी से ढाल को सामने करके उनके प्रहारों को रोक रहे थे। अचानक एक भाले के प्रहार से राजा की तलवार के दो टुकड़े हो गये। राजा घबरा गये, किंतु बड़े साहस के साथ ढाल से प्रहारों को रोकते हुए वे युद्ध मैदान से भाग निकले।

राजा को पराजय का मुंह देखना पड़ा। उन्होंने हार का कारण तलवार को माना, □योंकि वह युद्ध के दौरान टूट गयी थी। किन्तु ढाल की उन्होंने बड़ी सराहना और प्रशंसा की। वे जानते थे कि यदि आज ढाल नहीं होती तो निश्चित रूप से

प्रहारों के कारण ढाल को खरोंचे आ गयी थी। उसी रात तलवार दर्द के मारे कराह रही थी तो ढाल ने चुटकी लेते हुए कहा, 'तलवार बहिन □या हुआ।'

राजा ने आज तु□हें एक कोने में तड़पने के लिए □यों छोड़ दिया। आज तु□हें पता भी चल गया कि युद्ध के समय कौन मह□वपूर्ण होता है?'

'ढाल बहिन □यों ताने मार रही हो.... मेरा तो अंग-भंग हो गया। मुझे ठीक करवाने के बजाय राजा ने मुझे एक कोने में रोने के लिए छोड़ दिया।' तलवार ने दर्द भरे श□दों में कहा।

'मैं तु□हें ताने नहीं मार रही हूं बहिन। सीख दे रही हूं। युद्ध में तलवार और ढाल दोनों का बराबर का मह□व होता है। जैसे आज तु□हारे दो टुकड़े हो गये तो राजा की जान मेरे कारण बची। मैं नहीं होती तो उनके प्राण चले गये होते। और पहले भी मैंने कहा था कि तुम प्राण हरने का काम करती रही हो सदा, और मैं प्राण बचाने का काम करती रही, और किसी ने कहा भी है....।'

'हां.... मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है.... ढाल बहिन तु□हारी सीख मुझे समझ में आ गयी। मुझे क्षमा कर देना, उस दिन मैंने घमण्ड में तु□हें भला-बुरा कह दिया था। उस घमण्ड के कारण ही मेरा ये हाल हुआ है।' तलवार ने ढाल की बात काटते हुए कहा।

कहानी

इस प्रकार राजा विश्वजीत विश्वविजेता बनने से चूक गया और तलवार का घमण्ड भी चूर-चूर हो गया। किन्तु

–गोविन्द भारद्वाज

अचानक एक भाले के प्रहार से राजा की तलवार के दो टुकड़े हो गये। राजा घबरा गये, किंतु बड़े साहस के साथ ढाल से प्रहारों को रोकते हुए वे युद्ध मैदान से भाग निकले।

स्वतंत्रता का प्रभाव

एक दिन बादशाह अकबर ने सोचा, 'जब तानसेन इतना अच्छा गाते हैं तो भला इनके गुरु में कैसी विलक्षण प्रतिभा होगी? वह कैसा अद्‌भुत गाते होंगे?' उन्होंने तानसेन के सामने अपनी जिज्ञासा प्रकट की।

तानसेन ने कहा, 'महाराज, वह संन्यासी हैं। राजपाट से कोई लेना-देना नहीं। यमुना के किनारे एक पर्ण कुटीर में रहते हैं और अपने भक्ति-संगीत से जंगल की अंतरात्मा को जगाते रहते हैं। क्या पेड़, क्या पक्षी; उनकी आवाज सुने बिना कोई चैन नहीं पाता है।'

बादशाह अकबर ने कहा, 'ठीक है, अगर वह नहीं आ सकते तो मैं ही उनके दर्शन के लिये वन जाऊंगा। तुम भी चलने की तैयारी करो।'

तानसेन बादशाह को लेकर वृन्दावन के उस जंगल में गए, जहां स्वामी हरिदास रहते थे। कुटिया के बाहर वे ध्यानमग्न थे। उनके चेहरे पर अपूर्व शांति थी। पूरे शरीर से तेज निकल रहा था। एक दुतारा वहां रखा था। बादशाह ने दर्शन कर तो लिये, पर बिना संगीत सुने उनका मन नहीं मान रहा था। सच्चाई तो यह भी थी कि ऐसे आनंदलोक में उन्होंने कभी कदम ही नहीं रखा था, लग रहा था कि बस वहीं रह जाएं। पर बादशाह तो बादशाह ही थे, ऐसी इच्छा वो किसी को बता भी नहीं सकते थे। उन्होंने तानसेन से कहा, 'क्या यमुना तट पर आकर भी हम प्यासे रह जायेंगे? कोई ऐसा उपाय करो कि स्वामी जी गाने लगें।' तानसेन ने कहा, 'अच्छा मैं प्रयत्न करता हूं।'

तानसेन ने कुछ सोचा, फिर अपनी सितार उठा कर बजाना शुरू किया। पहले थोड़ा ठीक बजाया, फिर जान-बूझकर गलत बजाने लगे। स्वामी हरिदास ने आंखें खोलीं और झुंझला कर कहा, 'गलत बजा रहे हो तुम तानसेन! सुनो, मैं बजाता हूं।' अपना दुतारा उठाकर उन्होंने बजाना आरंभ किया और साथ में गाने भी लगे। सारा वन उनके गाने से गूंज उठा। पेड़-पौधे झूमने लगे। पंछियों का कोलाहल बंद हो गया। नदियां रुक गयीं। जंगल के हिरन स्वामी जी के कदमों पर आ कर बैठ गए।

ऐसे नजारे की तो बादशाह ने कल्पना भी नहीं की थी। बादशाह ने आंखें मूंद लीं। कितनी देर...., उन्हें पता भी नहीं चला। अंततः जब स्वामीजी ने गाना बंद किया तब उनकी आंखें खुलीं। बादशाह ने उन्हें प्रणाम कर उनके कदमों पर झुक कर महल में चलने का अनुरोध किया। पर स्वामीजी ने कहा, 'मैं ईश्वर का सेवक हूं, भला महल में मेरा क्या काम?' अकबर को पता था कि उनके सामने जिद करना बेकार है।

तानसेन और अकबर महल की ओर लौट पड़े। रास्तेभर बादशाह के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकला। लगता था कि उस अभूतपूर्व स्थिति से अब तक वह बाहर नहीं निकले हैं।

कुछ दिनों पश्चात बादशाह अकबर तानसेन के साथ अपने बाग में टहल रहे थे। उन्होंने कहा, 'तानसेन, तुम भारतवर्ष के सर्वश्रेष्ठ गायक हो। फिर भी तुम्हारे गाने में वह रस, वह मस्ती क्यों नहीं, जो स्वामी हरिदास के गाने में है?'

स्वतंत्रता का प्रभाव

एक दिन बादशाह अकबर ने सोचा, 'जब तानसेन इतना अच्छा गाते हैं तो भला इनके गुरु में कैसी विलक्षण प्रतिभा होगी? वह कैसा अद्भुत गाते होंगे?'

उन्होंने तानसेन के सामने अपनी जिज्ञासा प्रकट की।

तानसेन ने कहा, 'महाराज, वह संन्यासी हैं। राजपाट से कोई लेना-देना नहीं। यमुना के किनारे एक पर्ण कुटीर में रहते हैं और अपने भ□त-संगीत से जंगल की अंतरात्मा को जगाते रहते हैं। □या पेड़, □या पक्षी; उनकी आवाज सुने बिना कोई चैन नहीं पाता है।'

बादशाह अकबर ने कहा, 'ठीक है, अगर वह नहीं आ सकते तो मैं ही उनके दर्शन के लिये वन जाऊंगा। तुम भी चलने की तैयारी करो।'

तानसेन बादशाह को लेकर वृन्दावन के उस जंगल में गए, जहां स्वामी हरिदास रहते थे। कुटिया के बाहर वे ध्यानमग्न थे। उनके चेहरे पर अपूर्व शांति थी। पूरे शरीर से तेज निकल रहा था। एक दुतारा वहां रखा था। बादशाह ने दर्शन कर तो लिये, पर बिना संगीत सुने उनका मन नहीं मान रहा था। सच्चाई तो यह भी थी कि ऐसे आनंदलोक में उन्होंने कभी कदम ही नहीं रखा था, लग रहा था कि बस वहीं रह जाएं। पर बादशाह तो बादशाह ही थे, ऐसी इच्छा वो किसी को बता भी नहीं सकते थे। उन्होंने तानसेन से कहा, '□या यमुना तट पर आकर भी हम प्यासे रह जायेंगे? कोई ऐसा उपाय करो कि स्वामी जी गाने लगें।' तानसेन ने कहा, 'अच्छा मैं प्रयत्न करता हूं।'

तानसेन ने कुछ सोचा, फिर अपनी सितार उठा कर बजाना शुरू किया। पहले थोड़ा ठीक बजाया, फिर जान-बूझकर गलत बजाने लगे। स्वामी हरिदास ने आंखें खोलीं और झुंझला कर कहा, 'गलत बजा रहे हो तुम तानसेन! सुनो, मैं बजाता हूं।' अपना दुतारा उठाकर उन्होंने बजाना आर□भ किया और साथ में गाने भी लगे। सारा वन उनके गाने से गूंज उठा। पेड़-पौधे झूमने लगे। पंछियों का कोलाहल बंद हो गया। नदियां रुक गयीं। जंगल के हिरन स्वामी जी के कदमों पर आ कर बैठ गए।



ऐसे नजारे की तो बादशाह ने कल्पना भी नहीं की थी। बादशाह ने आंखें मूंद लीं। कितनी देर...., उन्हें पता भी नहीं चला। अंतत: जब स्वामीजी ने गाना बंद किया तब उनकी आंखें खुलीं। बादशाह ने उन्हें प्रणाम कर उनके कदमों पर झुक कर महल में चलने का अनुरोध किया। पर स्वामीजी ने कहा, 'मैं ईश्वर का सेवक हूं, भला महल में मेरा □या काम?' अकबर को पता था कि उनके सामने जिद करना बेकार है।

तानसेन और अकबर महल की ओर लौट पड़े। रास्तेभर बादशाह के मुंह से एक श□द भी नहीं निकला। लगता था कि उस अभूतपूर्व स्थिति से अब तक वह बाहर नहीं निकले हैं।

कुछ दिनों पश्चात बादशाह अकबर तानसेन के साथ अपने बाग में टहल रहे थे। उन्होंने कहा, 'तानसेन, तुम भारतवर्ष के सर्वश्रेष्ठ गायक हो। फिर भी तु□हारे गाने में वह रस, वह मस्ती □यों नहीं, जो स्वामी हरिदास के गाने में है?'

तानसेन ने हाथ जोड़ कर जवाब दिया, 'शहंशाह! मैं दिल्लीपति का सेवक हूं। एक गवैया जो अपने महाराज के लिए गाता है। मैं एक बंधन में हूं, जबकि स्वामी हरिदास जगतपति के लिए गाते हैं। वह जगतपति जो अनगिनत दिल्लीपतियों का भी पति है। वह ईश्वर के लिए गाते हैं, मु□त हो कर गाते हैं।'

अकबर ज्ञानी था। बिन बोले ही समझ गया कि जो भगवान के गुण गाता है, उसकी वाणी में रस होगा ही। जिसके ऊपर कोई दबाव और चिंता नहीं है उसकी वाणी का प्रभाव अद्भुत और सर्वव्यापी होगा। स्वछन्द पंछी और पिंजरे के पंछी के शोर में भी यह अंतर महसूस किया जा सकता है, फिर आदमी तो आदमी है, यह अंतर तो

-कविता विकास

अकबर के नवरत्न में से एक थे- तानसेन। तानसेन का असली नाम ताना मिश्रा था। सुर के धनी और अनेक रागों के जन्मदाता। इतिहास में उन के जैसे गायक बिरले ही हैं। कहते हैं कि उनकी आवाज की कशिश सीधे ईश्वर तक जाती थी। जब वह राग मल्हार गाते तो मेघ बरस पड़ते थे, और जब दीपक राग गाते तो दीपक जल उठते।

चांग और वांग

कहानी



चीन की सि□यांग नदी के किनारे दो भाई रहते थे- चांग और वांग। दोनों भाई दिनभर मछली पकड़ते और उन्हें बेचकर होने वाली आमदनी से अपना परिवार चलाते। एक दिन उनके घर एक भिखारी आया। चांग ने दरवाजा खोला, तो भिखारी ने भिक्षा के लिए निवेदन किया। चांग ने उसे दो मछलियां दे दीं। भिखारी दुआ देता हुआ चला गया।

अगले दिन सुबह वही भिखारी फिर उनके घर आ गया। आज दरवाजा वांग ने खोला। उसने भिखारी को फटकारते हुए कहा, 'शर्म नहीं आती? तुम पूरी तरह स्वस्थ हो, भले-चंगे हो, कुछ काम □यों नहीं करते?' भिखारी ने कहा, 'बाबूजी! मुझे कोई काम करना आता ही नहीं।' वांग बोला, 'चलो, मैं सिखाता हूं काम।' कहकर उसने मछली पकड़ने वाले दो कांटे ले लिए और भिखारी को अपने साथ नदी के किनारे ले गया।

भिखारी ने पिंड छुड़ाने के लिए कहा, 'यह सब मुझसे नहीं होगा। मुझे जाने दो।' लेकिन वांग ने उसे डपटकर कहा, 'भीख कब तक मांगोगे? यह काम सीख लोगे, तो जीवनभर किसी के आगे हाथ नहीं पसारना पड़ेगा।' भिखारी मन ही मन बुदबुदाया, 'तुम से अच्छा तो तु□हारा भाई था, उसने दो मछलियां दे दी थीं, जिनसे मेरा पेट भर गया....मैं भी कहां तु□हारे च□कर में फंस गया।' लेकिन वांग के आगे उसकी एक न चली।

भिखारी कांटा पकड़कर वांग के साथ नदी के किनारे बैठ गया। वांग ने उसे सब कुछ बारीकी से समझा दिया था। देखते ही देखते भिखारी ने एक घंटे में ही चार बड़ी मछलियां पकड़ लीं। वांग ने कहा, 'आज तु□हारे लिए इतनी मेहनत ही काफी है। कल कम से कम तीन घंटे यहां मछली पकड़ना। यह कांटा तुम ही रखो।' वांग अपने घर चला गया।

घर आने पर चांग ने वांग को खूब डांटा और उसे म□खीचूस बताते हुए दो चांटे मार दिए। उसने कहा, 'द्वार पर आए गरीब की मदद करने के बजाय तुम ने उसे सताया है।' वांग ने सिर झुकाकर रहा, 'मैंने तो उसकी सच्ची मदद करने की कोशिश की थी। भिखारी अपनी पकड़ी चारों मछलियां लेकर चल पड़ा।

रास्ते में उसने सोचा कि मेरे लिए तो एक ही मछली काफी है, □यों न बाकी तीन मछलियां बेच

वहां एक तरफ खड़ा होकर वह आवाज लगाने लगा, 'ताजा मछलियां...ताजा मछलियां...।' देखते ही देखते कुछ ही देर में उसकी मछलियां बिक गईं।

हाथ में इतने पैसे देख, भिखारी खुश हो गया। उसने बाजार से खाने-पीने की ढेर सारी चीजें खरीदीं और कई दिनों बाद छक कर अपनी पसंद का भोजन किया। आज उसे सचमुच बड़ा मजा आया। भीख में उसे न तो इतनी मात्रा में ताजा भोजन मिलता था और ना ही मनपसंद पकवान।

अगले दिन भिखारी सुबह-सवेरे ही नदी किनारे चल पड़ा। आज उसने दोपहर तक मछलियां पकड़ीं। ढेर सारी मछलियों को एक टोकरे में लादकर उसने हाट में बेच दिया। आज तो उसके पास पैसों का ढेर लग गया। भिखारी की खुशी का ठिकाना न रहा। अब तो वह रोज मछलियां पकड़ता और उन्हें बाजार में बेच आता।

समय बीता। अब भिखारी मछलियों का बड़ा व्यापारी बन गया था। उसका खुद का मकान था, नौकर-चाकर थे। एक दिन वांग और चांग अपनी मछलियां बेचने उसके पास आ पहुंचे। भिखारी ने उन्हें पहचान लिया। उसने उनकी मछलियों के दोगुने दाम दिए, फिर वांग के पैर छुए। वांग आश्चर्य से उसकी ओर देखने लगा कि इस रईस व्यापारी ने उसके पैर □यों छुए और मछलियों की कीमत बाजार दर से दो गुना कैसे दे दी?

व्यापारी बोला, 'साहब! मैं वही भिखारी हूं, जिसे आपने जबरदस्ती मछली पकड़ने की कला सिखाई। आपने मेरी सच्ची मदद की और सही राह दिखाई, तभी आज मैं इस योग्य हुआ हूं।' चांग का सिर झुक गया। उसने वांग से उस दिन के दुर्व्यवहार के लिए क्षमा मांगी।

-अंजू जैन

CMYK Farm 1 C



चांग और वांग

कहानी

चीन की सि□यांग नदी के किनारे दो भाई रहते थे- चांग और वांग। दोनों भाई दिनभर मछली पकड़ते और उन्हें बेचकर होने वाली आमदनी से अपना परिवार चलाते। एक दिन उनके घर एक भिखारी आया। चांग ने दरवाजा खोला, तो भिखारी ने भिक्षा के लिए निवेदन किया। चांग ने उसे दो मछलियां दे दीं। भिखारी दुआ देता हुआ चला गया।

अगले दिन सुबह वही भिखारी फिर उनके घर आ गया। आज दरवाजा वांग ने खोला। उसने भिखारी को फटकारते हुए कहा, 'शर्म नहीं आती? तुम पूरी तरह स्वस्थ हो, भले-चंगे हो, कुछ काम □यों नहीं करते?' भिखारी ने कहा, 'बाबूजी! मुझे कोई काम करना आता ही नहीं।' वांग बोला, 'चलो, मैं सिखाता हूं काम।' कहकर उसने मछली पकड़ने वाले दो कांटे ले लिए और भिखारी को अपने साथ नदी के किनारे ले गया।

भिखारी ने पिंड छुड़ाने के लिए कहा, 'यह सब मुझसे नहीं होगा। मुझे जाने दो।' लेकिन वांग ने उसे डपटकर कहा, 'भीख कब तक मांगोगे? यह काम सीख लोगे, तो जीवनभर किसी के आगे हाथ नहीं पसारना पड़ेगा।' भिखारी मन ही मन बुदबुदाया, 'तुम से अच्छा तो तु□हारा भाई था, उसने दो मछलियां दे दी थीं, जिनसे मेरा पेट भर गया....मैं भी कहां तु□हारे च□कर में फंस गया।' लेकिन वांग के आगे उसकी एक न चली।

भिखारी कांटा पकड़कर वांग के साथ नदी के किनारे बैठ गया। वांग ने उसे सब कुछ बारीकी से समझा दिया था। देखते ही देखते भिखारी ने एक घंटे में ही चार बड़ी मछलियां पकड़ लीं। वांग ने कहा, 'आज तु□हारे लिए इतनी मेहनत ही काफी है। कल कम से कम तीन घंटे यहां मछली पकड़ना। यह कांटा तुम ही रखो।' वांग अपने घर चला गया।

घर आने पर चांग ने वांग को खूब डांटा और उसे म□खीचूस बताते हुए दो चांटे मार दिए। उसने कहा, 'द्वार पर आए गरीब की मदद करने के बजाय तुम ने उसे सताया है।' वांग ने सिर झुकाकर रहा, 'मैंने तो उसकी सच्ची मदद करने की कोशिश की थी। भिखारी अपनी पकड़ी चारों मछलियां लेकर चल पड़ा।

रास्ते में उसने सोचा कि मेरे लिए तो एक ही मछली काफी है, □यों न बाकी तीन मछलियां बेच

वहां एक तरफ खड़ा होकर वह आवाज लगाने लगा, 'ताजा मछलियां...ताजा मछलियां...।' देखते ही देखते कुछ ही देर में उसकी मछलियां बिक गईं।

हाथ में इतने पैसे देख, भिखारी खुश हो गया। उसने बाजार से खाने-पीने की ढेर सारी चीजें खरीदीं और कई दिनों बाद छक कर अपनी पसंद का भोजन किया। आज उसे सचमुच बड़ा मजा आया। भीख में उसे न तो इतनी मात्रा में ताजा भोजन मिलता था और ना ही मनपसंद पकवान।

अगले दिन भिखारी सुबह-सवेरे ही नदी किनारे चल पड़ा। आज उसने दोपहर तक मछलियां पकड़ीं। ढेर सारी मछलियों को एक टोकरे में लादकर उसने हाट में बेच दिया। आज तो उसके पास पैसों का ढेर लग गया। भिखारी की खुशी का ठिकाना न रहा। अब तो वह रोज मछलियां पकड़ता और उन्हें बाजार में बेच आता।

समय बीता। अब भिखारी मछलियों का बड़ा व्यापारी बन गया था। उसका खुद का मकान था, नौकर-चाकर थे। एक दिन वांग और चांग अपनी मछलियां बेचने उसके पास आ पहुंचे। भिखारी ने उन्हें पहचान लिया। उसने उनकी मछलियों के दोगुने दाम दिए, फिर वांग के पैर छुए। वांग आश्चर्य से उसकी ओर देखने लगा कि इस रईस व्यापारी ने उसके पैर □यों छुए और मछलियों की कीमत बाजार दर से दो गुना कैसे दे दी?

व्यापारी बोला, 'साहब! मैं वही भिखारी हूं, जिसे आपने जबरदस्ती मछली पकड़ने की कला सिखाई। आपने मेरी सच्ची मदद की और सही राह दिखाई, तभी आज मैं इस योग्य हुआ हूं।' चांग का सिर झुक गया। उसने वांग से उस दिन के दुर्व्यवहार के लिए क्षमा मांगी।

–अंजू जैन

मन का आराम

मतंग ऋषि पशु-पक्षियों के प्रति काफी स्नेह रखते थे। अक्सर वह अध्ययन और ईश्वर उपासना के बाद पक्षियों के साथ खेलने लग जाते थे। गोरैया और कौवे उनके इशारे पर जमीन पर उतर आते और उनके कंधों व हाथों पर बैठ जाते थे।

एक दिन जब वे पक्षियों के बीच चहक रहे थे तभी अनंग ऋषि वहां आए। वह मतंग ऋषि का बहुत सम्मान करते थे। उन्हें पक्षियों के साथ खेलते देख वह बोले, 'महाराज, आप इतने बड़े विद्वान होकर बच्चों की तरह चिड़ियों के साथ खेल रहे हैं। इससे आपका मूल्यवान समय नष्ट नहीं होता?'

अनंग ऋषि के इस प्रश्न को सुनकर मतंग ऋषि मुस्करा दिये और उन्होंने अपने एक शिष्य को धनुष लेकर आने के लिए कहा। शिष्य कुछ ही देर में धनुष लेकर आ गया। मतंग ऋषि ने धनुष लिया और उसकी डोरी ढीली करके रख दी।

अनंग ऋषि हैरानी से मतंग ऋषि को देखकर बोले, 'आपने धनुष की डोरी ढीली करके क्यों रखी? आप इसके माध्यम से क्या कहना चाहते हैं?' मतंग ऋषि बोले, 'मैंने तुम्हारे प्रश्न का जवाब दिया है। अब मैं इसे विस्तार से बताता हूं। हमारा मन धनुष की तरह है। अगर धनुष पर डोरी हमेशा चढ़ी रहे तो उसकी मजबूती कुछ ही समय में चली जाती है और वह जल्दी टूट जाता है, किंतु यदि काम पड़ने पर ही इस पर डोरी चढ़ाई जाए तो वह न सिर्फ अधिक समय तक टिकता है, बल्कि उससे काम भी अच्छे तरीके से होता है। इसी प्रकार काम करने पर ही मन को एकाग्र करना चाहिए। काम के बाद यदि उसे आराम मिलता रहे तो मन और अधिक मजबूत होगा। उसे स्फूर्ति मिलेगी। इससे वह लंबे समय तक स्वस्थ रहता है।'

मतंग ऋषि का जवाब सुनकर अनंग ऋषि हाथ जोड़कर बोले, 'मैं आपकी बात समझ गया। अब पता चला कि आप क्यों लगातार हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।' यह कहकर वह वहां से चले गए।

सीख : भागदौड़ की जिंदगी में अच्छे परिणामों के लिए तन, मन और मस्तिष्क को आराम जरूर दें।

सीख सुहानी

महात्मा ने दिया दान

सिंहगढ़ राज्य की सीमा के पास एक गांव सोनपुर में एक महात्मा अपने दो शिष्यों के साथ आ पहुंचे। वहां की शांति और हरियाली देख कुछ दिन वे वहीं ठहर गए।

एक दिन महात्मा जब भिक्षा मांगने जा रहे थे, उन्हें सड़क पर एक सिक्का दिखा, जिसे उठाकर उन्होंने झोली में रख लिया। दोनों शिष्य इससे हैरान थे। वे मन में सोच रहे थे कि काश सिक्का उन्हें मिलता, तो वे बाजार से मिठाई ले आते। महात्मा जी भांप गए। बोले- यह साधारण सिक्का नहीं है। मैं इसे किसी सुपात्र को दूंगा। पर कई दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने सिक्का किसी को नहीं दिया।

एक दिन महात्मा जी को खबर मिली कि सिंहगढ़ के महाराज अपनी विशाल सेना के साथ उधर से गुजर रहे हैं। महात्मा ने शिष्यों से कहा, वत्स! सोनपुर छोड़ने की घड़ी आ गई। शिष्यों के साथ महात्मा जी चल पड़े। तभी राजा की सवारी आ गई। मंत्री ने राजा को बताया कि ये महात्मा जा रहे हैं। बड़े ज्ञानी हैं। राजा ने हाथी से उतर कर महात्मा जी को प्रणाम किया और कहा, 'कृपया मुझे आशीर्वाद दें।'

महात्मा जी ने झोले से सिक्का निकाला और राजा की हथेली पर उसे रखते हुए कहा, 'हे सिंहगढ़ नरेश, तुम्हारा राज्य धन-धान्य से सम्पन्न है। फिर भी तुम्हारे लालच का अंत नहीं है। तुम और पाने की लालसा में युद्ध करने जा रहे हो। मेरे विचार में तुम सबसे बड़े दरिद्र हो। इसलिए मैंने तुम्हें यह सिक्का दिया है।' राजा इस बात का मतलब समझ गए। उन्होंने सेना को वापस चलने आदेश दिया।

सीख : जरूरतें पूरी हो सकती हैं, लेकिन लालच का कभी अंत नहीं होता।

भीखू

जितना दम उतना दिखाओ

कॉन्सेप्ट- **उन्नी**
ड्रॉइंग- **सिमि मुहम्मा**



मन का आराम

मतंग ऋषि पशु-पक्षियों के प्रति काफी स्नेह रखते थे। अक्सर वह अध्ययन और ईश्वर उपासना के बाद पक्षियों के साथ खेलने लग जाते थे। गोरैया और कौवे उनके इशारे पर जमीन पर उतर आते और उनके कंधों व हाथों पर बैठ जाते थे।

एक दिन जब वे पक्षियों के बीच चहक रहे थे तभी अनंग ऋषि वहां आए। वह मतंग ऋषि का बहुत सम्मान करते थे। उन्हें पक्षियों के साथ खेलते देख वह बोले, 'महाराज, आप इतने बड़े विद्वान होकर बच्चों की तरह चिड़ियों के साथ खेल रहे हैं। इससे आपका मूल्यवान समय नष्ट नहीं होता?'

अनंग ऋषि के इस प्रश्न को सुनकर मतंग ऋषि मुस्करा दिये और उन्होंने अपने एक शिष्य को धनुष लेकर आने के लिए कहा। शिष्य कुछ ही देर में धनुष लेकर आ गया। मतंग ऋषि ने धनुष लिया और उसकी डोरी ढीली करके रख दी।

अनंग ऋषि हैरानी से मतंग ऋषि को देखकर बोले, 'आपने धनुष की डोरी ढीली करके क्यों रखी? आप इसके माध्यम से क्या कहना चाहते हैं?' मतंग ऋषि बोले, 'मैंने तुम्हारे प्रश्न का जवाब दिया है। अब मैं इसे विस्तार से बताता हूं। हमारा मन धनुष की तरह है। अगर धनुष पर डोरी हमेशा चढ़ी रहे तो उसकी मजबूती कुछ ही समय में चली जाती है और वह जल्दी टूट जाता है, किंतु यदि काम पड़ने पर ही इस पर डोरी चढ़ाई जाए तो वह न सिर्फ अधिक समय तक टिकता है, बल्कि उससे काम भी अच्छे तरीके से होता है। इसी प्रकार काम करने पर ही मन को एकाग्र करना चाहिए। काम के बाद यदि उसे आराम मिलता रहे तो मन और अधिक मजबूत होगा। उसे स्फूर्ति मिलेगी। इससे वह लंबे समय तक स्वस्थ रहता है।'

मतंग ऋषि का जवाब सुनकर अनंग ऋषि हाथ जोड़कर बोले, 'मैं आपकी बात समझ गया। अब पता चला कि आप क्यों लगातार हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।' यह कहकर वह वहां से चले गए।

सीख : भागदौड़ की जिंदगी में अच्छे परिणामों के लिए तन, मन और मस्तिष्क को आराम जरूर दें।

सीख सुहानी

महात्मा ने दिया दान

सिंहगढ़ राज्य की सीमा के पास एक गांव सोनपुर में एक महात्मा अपने दो शिष्यों के साथ आ पहुंचे। वहां की शांति और हरियाली देख कुछ दिन वे वहीं ठहर गए।

एक दिन महात्मा जब भिक्षा मांगने जा रहे थे, उन्हें सड़क पर एक सिक्का दिखा, जिसे उठाकर उन्होंने झोली में रख लिया। दोनों शिष्य इससे हैरान थे। वे मन में सोच रहे थे कि काश सिक्का उन्हें मिलता, तो वे बाजार से मिठाई ले आते। महात्मा जी भांप गए। बोले- यह साधारण सिक्का नहीं है। मैं इसे किसी सुपात्र को दूंगा। पर कई दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने सिक्का किसी को नहीं दिया।

एक दिन महात्मा जी को खबर मिली कि सिंहगढ़ के महाराज अपनी विशाल सेना के साथ उधर से गुजर रहे हैं। महात्मा ने शिष्यों से कहा, वत्स! सोनपुर छोड़ने की घड़ी आ गई। शिष्यों के साथ महात्मा जी चल पड़े। तभी राजा की सवारी आ गई। मंत्री ने राजा को बताया कि ये महात्मा जा रहे हैं। बड़े ज्ञानी हैं। राजा ने हाथी से उतर कर महात्मा जी को प्रणाम किया और कहा, 'कृपया मुझे आशीर्वाद दें।'

महात्मा जी ने झोले से सिक्का निकाला और राजा की हथेली पर उसे रखते हुए कहा, 'हे सिंहगढ़ नरेश, तुम्हारा राज्य धन-धान्य से सम्पन्न है। फिर भी तुम्हारे लालच का अंत नहीं है। तुम और पाने की लालसा में युद्ध करने जा रहे हो। मेरे विचार में तुम सबसे बड़े दरिद्र हो। इसलिए मैंने तुम्हें यह सिक्का दिया है।' राजा इस बात का मतलब समझ गए। उन्होंने सेना को वापस चलने आदेश दिया।

सीख : जरूरतें पूरी हो सकती हैं, लेकिन लालच का कभी अंत नहीं होता।

जितना दम उतना दिखाओ

कॉन्सेप्ट- उन्नी
ड्रॉइंग- सिमि मुहम्मा







सीख : अपनी शक्ति की सीमाओं को पहचानकर ही कोई कदम उठाएं।

(समाप्त)

CMYK Farm 1 D


अरे!
आऊ...बचाओ!
JINGLE BELL CREATION
तुम्हें भी सैर कराऊं!
आह...ऊं...!
मूर्ख, उसे पैर से मारो और किनारे की तरफ ले जाओ।
सीख : अपनी शक्ति की सीमाओं को पहचानकर ही कोई कदम उठाएं।
(समाप्त)

नंबर wheel



कैसे खेलें

नंबर व्हील को हल करने के लिए अपनी तर्क शक्ति का प्रयोग करें। यहां एक संख्या शृंखला दी गई है जो एक ही सिद्धांत के आधार पर क्रमबद्ध बढ़ती है। आपको उस शृंखला की लापता संख्या लिखनी है।

वर्ड web

कैसे खेलें

वर्ड वेब में उन दस देशों के नाम ढूंढिए, जहां मुस्लिम आबादी सर्वाधिक है। नाम ऊपर से नीचे और तिरछे भी हो सकते हैं।

भा	क	श	त	रं	ज	के	खि	ला	ड़ी	र
र	च	ल	प	व	जी	ग	द	इ	मा	ली
त	र	र्म	ल	र	छ	पु	रा	ट	ह	क
क	स	ज	कु	ह	व	न	लू	ल	म	क
क	क	दो	र्वा	म	लं	रि	तू	ग	कि	क
जी	क	ल	नी	कि	झ	पू	श	ण	सी	को
ती	ज	मा	न	त	प	दे	श	र	से	ल
क	ता	दा	ई	से	र	क	फ	लो	क	न
ने	बा	चे	न्न	प	जी	ल	री	ग	म	स्ता
द	पा	ल	श	व	दा	दा	ऐ	वें	न	शो
क	क	दे	प	ची	न	रा	बा	द	हीं	ले

नंबर pyramid



कैसे खेलें

नंबर पिरामिड बनाने के लिए प्रत्येक दो वर्गों की संख्या का योग उन दोनों वर्गों के ठीक ऊपर के वर्ग की संख्या से मेल खाना चाहिए।

180-degree



कैसे खेलें

पहेली को हल करने के लिए आप को ऐसी विभिन्न आकृतियां बनानी हैं जो गोलों के केंद्र बिंदु ऊपर से नीचे व दाएं से बाएं देखने पर एक जैसी ही नजर आएं। ध्यान यह रखना है कि गोले का एक ही बार प्रयोग हो व आकृतियां प्रत्येक वर्ग में भर जाएं।

नंबर wheel



वर्ड web



नंबर pyramid



180-degree



बूझो तो...!

1. जल से भरा एक
मटका
जो है सबसे ऊंचे लटका।
पी लो पानी है मीठा
जरा नहीं है खट्टा।

2. एक आंख पर जीव
नहीं हूं लंबी हूं पर सींक
नहीं हूं।
मेरे पीछे लंबी कतार
लेती हूं मैं चढ़ाव उतार।

3. फूल भी हूं, फल भी हूं।
और हूं मिठाई,
तो बताओ क्या हूं मैं भाई।

4. चौकी पर बैठी एक रानी,
सिर पर आग बदन में पानी।

5. अंत कटे तो नग बन जाऊं,
आदि कटे तो गर,
कट जाए यदि मध्य तो बन
जाता हूं नर।

6. लाल हूं, खाती हूं मैं
सूखी घास
पानी पीकर मर जाऊं।
जल जाए जो आए मेरे पास।

7. कान घुमाए बंद हो जाऊं
कान घुमाए खुल जाता हूं।
रखता हूं, मैं घर का खयाल
आता हूं मैं सब के काम,
कोई बताए मेरी नाम।

उत्तर 1. नारियल, 2. सूई, 3. गुलाबजामुन, 4. मोमबत्ती 5. नाहर, 6. अंगार 7. ताला

Illusion





ऐसे भी उड़ी पतंग...



–राजेश गुजर

पतंग

चीन में माना जाता है कि ऊंची उड़ती पतंग को देखने से नजर अच्छी बनी रहती है।

जापान के पतंगबाज ने एक ही लाइन में सबसे ज्यादा 11,284 पतंगों को उड़ाने का रिकार्ड बना रखा है।

हर वीकेंड पर दुनिया के किसी न किसी भाग में 'काइट फेस्टिवल' होता रहता है।



सबसे देर तक ऊंचाई पर पतंग उड़ाने का विश्व रिकॉर्ड है- 180 घंटे।

थाइलैंड में पतंगबाजी के दौरान 78 तरह के नियमों का पालन किया जाता है।

सर्वाधिक गति से पतंग उड़ाने का रिकॉर्ड है- 120 मील प्रतिघंटा।

बर्लिन की दीवार हटने से पहले पूर्वी जर्मनी में बड़ी पतंग उड़ाने पर बैन था। इससे शंका रहती थी कि कहीं उनके सहारे बर्लिन की दीवार पर कोई चढ़ न जाये।

पतंगों का रिश्ता हमारे देश के साथ बेहद खास है। चाहे 15 अगस्त हो या 14 जनवरी यानी कि मकर संक्रांति, हम भारतवासी पतंग उड़ाना नहीं भूलते। इन दो दिनों में तो इतनी पतंगें उड़ाई जाती है कि आकाश भी पतंगों से अट जाता है।

ईसा पूर्व चीन में पतंग उड़ाने की शुरुआत हुई थी। पहले संदेश आदान-प्रदान के लिए इसे उड़ाया जाता था। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि लगभग उसी काल में यूनान के एक व्यक्ति आरकाइट्स ने दुनिया की सबसे पहली पतंग का निर्माण किया था और इसी कारण पतंग को अंग्रेजी में काइट कहते हैं।

पतंगों का संबंध कई आविष्कारों से भी है। तुम्हें यह जानकर बेहद हैरानी होगी कि ऐरोप्लेन के आविष्कारक राइट ब्रदर्स ने पतंगों से काफी कुछ सीखा था। इतना ही नहीं बेंजामिन फ्रेंकलिन और मारकोनी ने भी पतंगों की प्रेरणा से बहुत कुछ आविष्कार किये। सन् 1883 में इंग्लैण्ड के डगसल आकिवेल्ड ने पतंगों के जरिए 1200 फीट की ऊंचाई पर बहती हवा की गति भी मालूम की थी।

पतंगें हल्की-भारी सभी तरह की होती हैं। वैसे तो पूरे देश में ही पतंगों का बोलबाला है, पर दिल्ली, लखनऊ, बनारस, पटना, आरा, जयपुर, अहमदाबाद व हैदराबाद की पतंगबाजी अधिक मशहूर है।

कागज की खोज होने से एक हजार साल पहले से पतंगें उड़ाई जा रही हैं।

दुनियाभर में बड़े बच्चों से अधिक पतंग उड़ाते हैं।

हमें तो पत्थर चाहिये

कोरमा सेनन बहुत ही दिखावा करने वाला और अहंकारी राजा था।
मंत्रीजी! मैं अपने राज्य के गरीबों को धन और कपड़े बाटूंगा।
यह तो बहुत ही अच्छा कार्य है, महाराज।
अब तुम जाकर इसकी घोषणा करवा दो।
क्या घोषणा करवाऊं महाराज?
यह घोषणा करवाओ कि बहुत ही धार्मिक-गुणी राजा कोरमा सेनन राज्य के गरीबों को जरूरत की वस्तुएं दान करेंगे।
...और इस प्रकार पूरे राज्य में घोषणा करवा दी गई।
महाराज! गरीब लोग महल के बाहर एकत्र हो गये हैं।
मैं उनके सामने जाता हूं।

मंत्रीजी! जब मैं गरीबों को दान देता रहूं, तब तुम हर बार मेरी जय-जयकार करवाते रहोगे।
आह...दान देने के कारण मैं बहुत थक गया।
फिर...
महाराज कोरमा सेनन की जय हो!
मेरी दानशीलता के बारे में पास के राजा-महाराओं ने भी सुना होगा। मैं सही कह रहा हूं ना मंत्री?
बिल्कुल सही है, महाराज!

हर गांव में मेरी दानशीलता के बारे में लिखकर पत्थर लगाना चाहिए।
जिससे आने वाली पीढ़ी को इसके बारे में पता चल सके।
हां, यह सही तरीका है।
इस तरह से...
पत्थर-शिलाएं तैयार हैं, महाराज।
कहां हैं, मुझे देखने हैं।
बहुत बढ़िया!
राजा कोरमा सेनन बहुत बड़े विद्वान थे।
उनका हर कोई बहुत सम्मान करता था।
राजा कोरमा सेनन बहुत ही दानशील थे।

और उसी समय पास के राज्य का एक दूत वहां आया।
महाराज! यदि आप इसकी आज्ञा दे तो हमारे महाराज आपके इन पत्थरों को खरीदने के लिए तैयार हैं।
देखो मंत्रीजी, मेरी प्रसिद्धि पास के राज्य में भी फैल गई।
अन्यथा दूसरे राज्य का राजा इनको क्यों खरीदता।
ऐसी बात नहीं है महाराज, हमारे राज्य में पत्थरों की सख्त कमी हो गई है।
हमें अस्तबल बनाने के लिए कुछ और पत्थरों की आवश्यकता है।
आऊ... क्या!?
(समाप्त)

देखने में यह अंडे की तरह है। पर ३.१ मीटर ऊंचा, १ मीटर चौड़ा और करीब चार टन वजन का दुनिया का सबसे बड़ा ईस्टर एग है। इस विशाल ईस्टर एग को बनाने में ख्त्र बेकरियों को दो ह□ते तक लगातार मेहनत करनी पड़ी। और करीब ७ किलोग्राम चॉकलेट का इस्तेमाल किया गया। इस विशालकाय चॉकलेट एग को बनाने के लिए लकड़ी के सांचे का इस्तेमाल किया गया। अंडाकार सांचे को आधार बनाकर उस पर चॉकलेट की मोटी परत चढ़ाई गई। इसे अर्जेन्टीना में बनाया गया।

पियानो मास्टर बिल्ली

जानवरों को अब तक हमने सर्कस में ही करतब दिखाते देखा है। मगर अब उन्होंने भी अपना दायरा बढ़ा लिया है। अमेरिका में नोरा नाम की एक बिल्ली पियानो बजाती है। वह भी एक ए□सपर्ट पियानोवादक के अंदाज में। पियानो को अपने पंजों से दबाने के दौरान कब तक सिर हिलाते रहना है, कब स्थिर करना है, यह सब उसे पता है। वह हॉलिवुड सेलिब्रिटी की तरह जिंदगी जी रही

घर घूमता है सूरज के साथ

सर्द मौसम में तन को गरमाहट देने वाली गुनगुनी धूप का आनंद ही कुछ और है। लेकिन हर घर का मुंह सूर्य की तरफ नहीं होता और जो घर सूर्य की तरफ होते भी हैं, वहां भी धूप कुछ ही घंटों बाद साथ छोड़ देती है। तब □ायाल आता है...कितना अच्छा होता यदि घर भी सूर्य की दिशा में घूमता जाता। ऐसे ही किसी □ायाल ने आस्ट्रेलिया के एक दंपती ने एक ऐसा घर बनाया है, जो सूरज के साथ-साथ घूमता है। ल्यूक और डेबी एवरिंगम नामक इस दंपती का विंघाम, न्यू साउथ वेल्स का घर पूरा च□कर घूम जाता है। घर को घूमने का काम करता है, घूम-च□कर (टर्न-टेबिल)। जिसके ऊपर घर बना है। इस अष्टकोणीय विशिष्ट इमारत के कमरे औसत से ज्यादा खुले-खुले हैं। इस घर को डिजाइन करने और बनाने में चार लाख पौंड का खर्चा आया

पहली महिला ट्रक ड्राइवर

देश और दुनिया में कई ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने अपनी ताकत और हौसले के दम पर अपनी अलग पहचान बनायी है। इन्हीं नामचीन महिलाओं में से एक हैं एशिया की पहली महिला ट्रक चालक। पैंसठ वर्षीय पार्वती आर्य ने पहली ट्रक ड्राइवर बन कर अपने साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। इस जज्बे के लिए पार्वती आर्य को भोपाल समारोह में स□मानित किया गया। महिला ट्रक चालक के रूप में पार्वती का नाम गिनीज बुक विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इसके अलावा पार्वती दो बार पंचायत की सदस्य और मंदसौर जिला पंचायत की

गिनीज रिकॉर्ड्स

आपने करतब करने वालों को रस्सी पर चलते देखा होगा, लेकिन ये कुत्ता भी कम करामाती नहीं है। जनाब साढ़े तीन मीटर लंबी रस्सी को 18 सेकंड में पार कर लेते हैं।

ये है दुनिया की सबसे छोटी कार। साढ़े 63 सेंटीमीटर लंबी और 65.4 सेंटीमीटर ऊंची इस कार को एरिजोना के ऑस्टिन कॉलसन ने बनाया है।

नार्वे में खिंची गई यह तस्वीर एक मरे हुए मेढक की है, जो गिरते तापमान की वजह से जम गया है।

सन् 1769 में दुनिया में पहली बार कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। उसके पहले दुनिया में कोई भी वाहन दुर्घटना दर्ज नहीं की गई थी। आज भी उस कार को पेरिस में एक म्यूजियम में सुरक्षित रखा गया है।

जोहांसबर्ग

हीरे और सोने की खानों के लिए प्रसिद्ध जोहांसबर्ग दक्षिण अफ्रीका का सबसे बड़ा शहर है। क्षेत्रफल में बड़ा होने के साथ-साथ यह दक्षिण अफ्रीका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर भी है। अफ्रीका के सबसे विकसित इस शहर को नजदीक से देखने के लिए बहुत बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। यहां म्यूजियम बहुत हैं। जिनमें अपारथिद म्यूजियम, हेक्टर पीटरसन म्यूजियम, गोल्ड रीफ सिटी, जोहांसबर्ग आर्ट गैलरी मुख्य हैं। इसके अलावा भी यहां बहुत कुछ है पर्यटकों के लिए।

अपारथिद □यूजियम– यह □यूजियम जोहांसबर्ग में गोल्ड रीफ सिटी के पास स्थित है। इस □यूजियम में बीसवीं शता□दी के दक्षिण अफ्रीका के इतिहास को चित्रों के माध्यम से समझाया गया है।

हे□टर पीटरसन □यूजियम– यह जोहांसबर्ग का सबसे बड़ा □यूजियम है। यह □यूजियम औरलैंडो वेस्ट में स्थित है। यहीं पर हे□टर पीटरसन की हत्या की गई थी। इन्हीं के नाम पर बाद में इस □यूजियम का नाम हे□टर पीटरसन □यूजियम रखा गया था।

गोल्ड रीफ सिटी– गोल्ड रीफ सिटी जोहांसबर्ग में मनोरंजन का एक बहुत बड़ा केंद्र है। यह जोहांसबर्ग के सेंट्रल बिजनेस डिस्टि□ट में सोने की खान के पास स्थित है। यह पार्क सोने की खान थीम पर आधारित है।

यहां की सभी इमारतें तत्कालीन समय के अनुसार डिजाइन की गई हैं। इस पार्क में पर्यटक खदान से धातु निकाल कर सोना बनाने की प्रक्रिया देख सकते हैं।

सैर सपाटा

http://aida.ucoz.ru

जोहांसबर्ग जू- यह जोहांसबर्ग का सबसे बड़ा जू है। इस जू की स्थापना वर्ष क-ब में की गई थी। इस जू में जानवरों की करीब तीन हजार प्रकार की प्रजातियां हैं। यह जू विश्व के उन गिने-चुने जगहों में है, जहां सफेद शेर पाए जाते हैं। इस जू में साइबेरियन बाघ भी पाए जाते हैं। इस जू में जानवरों के लिए चिकित्सालय

जोहांसबर्ग आर्ट गैलरी- यह गैलरी जोहांसबर्ग के सेंट्रल बिजनेस डिस्टि□ट के जोबर्ट पार्क के पास स्थित है। इस आर्ट गैलरी की इमारत का डिजाइन एडवर्ड लुटियंस ने बनाया था। इस गैलरी में पन्द्रह प्रदर्शनी हॉल और एक हस्तशिल्प गार्डन है। इस गैलरी में क्त्रवीं शता□दी की डच पेंटिंग्स, क्त वीं और क-वीं शता□दी की ब्रिटिश पेंटिंग्स व क-वीं शता□दी की अफ्रीकन पेंटिंग्स रखी हुई हैं। इसके अलावा इस गैलरी में अन्य विभिन्न प्रकार की शैलियों की पेंटिंग्स भी रखी हुई हैं।

□यूजियम अफ्रीका- इसे अफ्रीकन □यूजियम के नाम से भी जाना जाता है। यह जोहांसबर्ग में स्थित एक ऐतिहासिक □यूजियम है। यह □यूजियम मार्केट थियेटर के पास स्थित है। इस □यूजियम की स्थापना वर्ष क-फ्फ ईस्वी में की गई थी। इस □यूजियम में प्राचीन अफ्रीकन संस्कृति से संबंधित वस्तुएं रखी हुई हैं। इस वस्तुओं में टोकने, संगीत यंत्र, बर्तन, कपाल आदि प्रमुख हैं।

मार्केट थियेटर- यह थियेटर जोहांसबर्ग के निचले भाग में एडवर्डियन बिल्डिंग में स्थित है। इस थियेटर की स्थापना वर्ष क-स्त्रम ईस्वी में हुई थी। यह जोहांसबर्ग का पहला ऐसा थियेटर था, जहां नस्लवाद नहीं था। इस बिल्डिंग में बाजार भी था। इसलिए इस थियेटर का नाम मार्केट थियेटर पड़ा। इसी थियेटर में पहली बार अश्वेत कलाकारों ने अपनी लोक कला का प्रदर्शन किया था।

नेल्सन मंडेला नेशनल □यूजियम- यह जोहांसबर्ग में आने वाले पर्यटकों का सबसे पसंदीदा स्थान है। यह पहले नेल्सन मंडेला का घर हुआ करता था। इसे ही बाद में □यूजियम में त□दील कर दिया गया। इस □यूजियम में नेल्सन मंडेला से संबंधित वस्तुओं को रखा गया है।

द साउथ अफ्रीकन □यूजियम ऑफ रॉक आर्ट- इस □यूजियम में पत्थर की न□काशीदार वस्तुओं को रखा गया है। इसमें से कुछ वस्तुएं तो आदिमानवों की हैं। यह □यूजियम येल रोड पर स्थित है।



बालहंस के सितम्बर प्रथम, 2013 के अंक में हमने बालक-बालिकाओं के लिए विजन-2025 एक्टिविटी किट दिया था। हमें खुशी है कि कई प्रतियोगियों ने पूरे जोरशोर से इस किट को बहुत अच्छे तरीके से हल कर हमें भेजा है। चयनित दस प्रविष्टियों के विजेताओं को शीघ्र ही उनका पुरस्कार भेजा जाएगा।

किट के श्रेष्ठ जवाबों को संक्षिप्त रूप से यहां हम दे रहे हैं, जिससे अन्य बच्चे भी इससे लाभ उठा सकें। विजेताओं के अलावा जिन प्रविष्टियों में हमें उपयुक्त उत्तर मिले हैं, उन सबको मिले-जुले रूप में दिया जा रहा है।

विजन 2025- बालक और बालिकाओं का एक्टिविटी किट

विज़न 2025
जागो, जुड़ो देश गढ़ो
पत्रिका समूह

क *घर पर ये चीजें खाने को मिलती हैं, तो सबसे ज्यादा खुशी होती है?*

इस प्रश्न के जवाब में बच्चों ने घर पर बने पार□परिक खाने यथा, रोटी, चावल-दाल, खीर-पूड़ी, आलू-परांठा, हरी स□जयां, गाजर-मूली, अंकुरित अनाज, फल, सूखे मेवे, मिठाई, घी-दूध सहित अन्य पौष्टिक खाने को प्राथमिकता दी है। हालांकि बच्चों ने कभी कभार फास्ट फूड यानी मोमो, चाट, नूडल्स, केक, पिज्जा, चाऊमिन खाने के प्रति भी इच्छा जताई।

कल □या हो : भविष्य के लिए बच्चों ने शुद्ध, पौष्टिक,

ख *मुझे अपने दोस्तों के साथ सबसे ज्यादा मजा कब आता है?*

बच्चों को सबसे ज्यादा मजा स्कूल मध्यान्तर में खेलने, छुट्टियों में घूमने, मूवी देखने जाने, दोस्तों के साथ खेलने, पार्टी करने, कहानियां पढ़ने, क□प्यूटर चलाने, नई-नई जानकारियां जुटाने, दूसरों की सहायता करने, दोस्तों की आपस में अच्छाई-बुराई बताने में आनंद आता है।

कल □या हो : बच्चे चाहते हैं कि वे अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें।

ज्यादा पढ़ाई करें और अपने कैरियर के बारे में सचेत रहने के साथ-साथ, सामाजिक सहयोग और भलाई के कार्य करते रहना चाहते हैं।

फ *मुझे अपने दोस्तों की ये आदतें बिल्कुल अच्छी नहीं लगतीं?*

अपश□द बोलना, चिढ़ाना, झूठ बोलना, एक-दूसरे की बुराई करना, निंदा करना, नकल करना, अस□य भाषा बोलना, चोरी करना, ज्यादा दिखावा करना, शेखी बघारना, अनावश्यक परेशान करना, बुरा बर्ताव करना, लड़ाई-झगड़ा करना, समय बर्बाद करना और ज्यादा टी.वी. देखना जैसी आदतें अच्छी नहीं लगतीं।

कल □या हो : भविष्य में हम एक-दूसरे की भावनाओं का स□मान करें। एक-दूसरे की कमियां बताएं। ईमानदार, सत्यवादी और निष्ठावान बनें।

स्वस्थ हंसी-मजाक करें, किसी को दुख नहीं पहुंचाएं, अच्छा व्यवहार करें, परेशानी में दोस्तों की सहायता करें और अपनी हॉबी को भी समय दें।

ढ *मौज-मस्ती के लिए मैं यह करता/करती हूं?*

इसके लिए हम मूवी, टी.वी. देखते हैं, गाने सुनते हैं, कहानियां-चुटकुले सुनाते हैं, गे□स खेलते हैं, परिवार के साथ घूमने जाते हैं, पापा-म□मी के साथ खेलते हैं, डांस से लेकर मनोरंजक पत्र-पत्रिकाएं पढ़ते हैं।

कल □या हो : मौजमस्ती के लिए भविष्य की बात पर बच्चों को शॉपिंग मॉल से खरीदारी, रेस्टोरेंट में खाने-पीने में दिलचस्पी दिखी। कुछ बच्चों ने बड़ों-बुजुर्गों की सेवा में ही मौजमस्ती ढूंढना बताया।

भ *मुझे किन-किन बीमारियों से डर लगता है?*

खांसी-बुखार, जुकाम, मलेरिया, एनीमिया, कैंसर, एड्स, टी.बी., डायबिटीज, स्वाइन □लू, पीलिया, थैलीसीमिया, डायरिया, चिकनपॉ□स, स्किन, नेत्र संबंधी बीमारियों से डर लगता है।

कल □या हो : इस सवाल के जवाब में बच्चों ने कल के लिए कहा कि ऐसी दवा, स्प्रे आदि की खोज हो जिससे बीमारी जड़ से चली जाये। नकली दवाओं पर अंकुश लगे। दवाएं सस्ती मिलें और गांवों में भी सुलभ हों। योग, मेडिटेशन आदि करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

म. मैं पढ़ाई करता/करती हूं, □योंकि? मैं बड़े होकर □या बनना चाहता हूं/ चाहती हूं?

अधिकांश बच्चों ने कहा कि वे टीचर, डॉ□टर, इंजीनियर, आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। आत्मनिर्भर होने व जागरूक नागरिक बनने के लिए भी उन्होंने पढ़ाई को आवश्यक बताया।

कल □या हो : पढ़ाई नैतिकतापूर्ण हो। सभी को समान अवसर मिले। शिक्षा में टे□नोलॉजी का प्रयोग हो। शिक्षा सस्ती और सर्व-सुलभ हो।

स्र. मुझे स्कूल जाना □यों अच्छा लगता है?

□योंकि हम जाति-धर्म को भूलकर एक साथ पढ़ते, खेलते, खाते हैं। शिक्षक ज्ञानवर्द्धक जानकारी देते हैं। मित्रों से हम अपने विचार साझा करते हैं। ज्ञान, सद्गुण, नैतिकता, मित्रता बढ़ती है।

नवीन शैक्षणिक, खेल प्रतियोगिताओं-गतिविधियों में भाग लेते हैं। अच्छाई-बुराई की जानकारी मिलती है। अनुशासन का पाठ सीखते हैं। विद्यालय में ही संस्कारों की नींव मजबूत होती है।

कल □या हो : स्कूल में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दें। ऐसे विषय और पढ़ाई हो कि ज्ञान, नैतिकता, सद्गुणों को बढ़ावा मिले। नवीन शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले। समय का सदुपयोग और जि□मेदारी का भाव बढ़े। गुरु के प्रति स□मान उ□रोतर बढ़ता रहे।

द. मुझे अपने स्कूल में □या कमियां लगती हैं?

बच्चों की रुचि के अनुसार कार्यक्रम नहीं होते। कुछ शिक्षकों की योग्यता कम होना। कई शिक्षक अपनेआप को समय व युग के हिसाब से अपटेड नहीं करते। स्कूल में सफाई नियमित नहीं होती। हवा-प्रकाश पानी की उचित व्यवस्था नहीं रहती। खेल के मैदान विकसित नहीं हैं। बच्चों की शिक्षकों द्वारा पिटाई करना भी ठीक नहीं लगता।

कल □या हो : मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। प्रत्येक सप्ताह ऐसा होना चाहिए कि सीनियर बच्चे जूनियर बच्चों से आपसी चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनें। छात्र परिषद् का गठन हो।

योग्य शिक्षक हों। निर्धन बच्चों को मु□त शिक्षा मिले। स्कूलों में घुड़सवारी, एं□टंग आदि की कक्षाएं भी हों।

-. अगर मेरे स्कूल को दस हजार रुपए का पुरस्कार मिले, तो मैं इन पैसों को किस काम में लगाना चाहूंगा/चाहूंगी?

स्कूल के पुस्तकालय के लिए पुस्तकें खरीदेंगे। वृक्षारोपण करेंगे। स्कूल के रास्ते ठीक करवाएंगे। प्रतिभाशाली छात्रों के लिए सहायक पुस्तकें और अन्य सहायक सामग्री खरीदेंगे। क□यूटर-सीडी खरीदने में काम लेंगे। विकलांग बच्चों की सहायता में लगाएंगे। दरी-पट्टी, कुर्सी-मेज और स्कूल में जल-प्रबंधन में काम में लेंगे। गरीब बच्चों के यूनिफॉर्म, किताबें खरीदने और स्कूल में दाखिला दिलवाएंगे।

कल □या हो : पुस्तकालय में पुस्तकें बढ़ें। बच्चों के मानसिक के साथ शारीरिक व्यि□तत्व का विकास भी हो। □लॉक स्तर पर सामान्य ज्ञान, खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था हो। हर बच्चे को उसका हक मिले।

क. मेरे घर के आस-पास खेलने की जगह (मैदान/पार्क) आदि में □या कमियां हैं?

आवारा पशु चरते रहते हैं। मैदान में गंदगी रहती है। मैदान में कंकर-पत्थर, कांटे हैं। असामाजिक त□वों का जमावड़ा लगा रहता है। मैदान में खरपतवार उगी हुई है। पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। खेलने की जगह बहुत कम है। मैदान में लड़के खेलते रहते हैं, लड़कियों के खेलने के लिए जगह नहीं होती। खेल उपकरण व झूले वगैरह नहीं हैं। गांवों में तो खेल के मैदान-पार्क ही नहीं हैं। मजबूरी में खेतों में खेलना पड़ता है।

कल □या हो : खेलने के लिए पार्क-मैदान विकसित किये जाएं। खेल मैदान में चारदीवारी बने। मैदान समतल-साफ हो। बच्चों को खेलने की पूरी सुविधा मिले। खेल-सामग्री उपल□ध हो।

क्क. स्मार्ट फोन और इंटरनेट के बारे में कुछ जानते हैं? यदि हां तो ऐसे □या उपकरण-गैजेट्स हैं जो मुझे भी चाहिए और □यों?

कई बच्चों के पास टैबलेट, स्मार्ट फोन, लैपटॉप और क□प्यूटर हैं। ये उनके लिए अध्ययन एवं जानकारी देने में सहायक हैं। साथ ही ऐसे भी विद्यार्थी हैं जिनको इनके बारे में अधिक जानकारी नहीं है। कई बच्चों को स्कूल में क□प्यूटर-इंटरनेट के बारे में सिखाया जाता है, लेकिन उनके स्वयं के पास या घर पर कोई भी गैजेट नहीं है।

कल □या हो : बच्चों को प्रारं□भक शिक्षा से ही क□प्यूटर का ज्ञान देना चाहिए। संभव हो तो बालक-बालिकाओं को नि:शुल्क क□प्यूटर-लैपटाप आदि उपल□ध कराएं। अपडेट रहने के लिए ये आवश्यक हैं। लेकिन पूरी तरह से इन पर आश्रित होना भी उचित नहीं है।

पृष्ठ फ्ब-फ्म पर जारी...

क्ख *मैं पढ़ने के लिए इन-इन गैजेट्स को काम में लेता/लेती हूं?*

इंटरनेट, कैलकुलेटर, लैपटॉप, क□प्यूटर, प्रोजे□टर से अध्ययन में सहायता लेते हैं। हालांकि कई बच्चे केवल पुस्तकें ही पढ़ते हैं, उनके पास इनकी सुविधाएं नहीं हैं।

कल □या हो : बच्चों के पास आधुनिक शैक्षिक उपकरण अवश्य हों। प्रत्येक सरकार की जि□मेदारी बनती है कि

क्फ *मेरी कक्षा में लड़के ज्यादा हैं या लड़कियां? (अगर लड़कियां कम हैं तो ऐसा होने की वजह □या है)*

लड़कों की सं□या ज्यादा है। ग्रामीण परिवेश में कई माता-पिता अपनी लड़कियों को अधिक नहीं पढ़ाते। स्कूल दूर होना भी एक प्रमुख कारण है। लड़कियों के प्रति नकारात्मक रवैया व नारी शिक्षा के प्रति उदासीनता रहती है। कई स्कूलों के बच्चों का कहना है कि हमारे यहां लड़के-लड़कियां बराबर हैं।

कल □या हो : हर लड़की को पढ़ने स्कूल भेजें। उन्हें भी लड़कों के बराबर ही दर्जा दें। स्त्री शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। स्त्री-पुरुष का भेद मिटे। लड़कियों के लिए अधिक से

क्ब *मेरे रोल मॉडल्स या आदर्श और उनकी खास बातें?*

ज्यादातर बच्चों ने महात्मा गांधी, विवेकानंद, मदर टेरेसा, डॉ. अ□दुल कलाम, किरण बेदी... जैसी शा□सयतों को अपना आदर्श बताया। वे इनकी ईमानदारी, काम के प्रति समर्पण, सच्चाई, दूरदर्शिता, अनुशासन आदि गुणों से प्रेरित थे। कई बच्चों ने अपने दादा-दादी, माता-पिता को भी अपना रोल मॉडल बताया।

कल □या हो : हर व्या□ित ईमानदार, परिश्रमी हो। दूसरों की मदद करें। नि:स्वार्थ भाव से सबकी सेवा-सहायता करें। सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलें, जिससे देश का भविष्य उज्ज्वल बनें। पर-हित में ही अपना जीवन लगाएं।

क्फ *मेरे घर और आसपास गंदा पानी, नदी-नाले और कचरे आदि की □या हालत है?*

सड़कें टूटी हुई हैं, गड्ढ़ों में पानी भरा रहता है। आवारा पशु गंदगी फैलाते रहते हैं। कूड़ेदान नहीं हैं। रोजाना सफाई कर्मचारी नहीं आते। पीने का पानी दूषित है। गंदगी के कारण क्षेत्र में बीमारियां बढ़ रही हैं। नियमित कचरा नहीं उठाया जाता।

